Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:12 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 157 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024

मुकेश खन्ना ने किया 'पुष्पा 2' का...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### लोअर पीसीएस भर्ती के लिए आज से किया जाएगा आवेदन

**देहरादून।** लोअर पीसीएस भर्ती के लिए आज शनिवार से अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। राज्य लोक सेवा आयोग ने शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग शुक्रवार से उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (लोअर पीसीएस) आवेदन शुरू करने जा रहा है। इसका विस्तृत नोटिफिकेशन भी जारी किया जाएगा।

आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि लोअर पीसीएस भर्ती के लिए चार जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए 10 जनवरी से 20 जनवरी तक संशोधन कर सकेंगे।

### देर रात लगी भीषण आग, सात मकान सहित पांच दुकानें जलकर राख



**उत्तरकाशी।** बड़कोट के पास देर रात भीषण आग लगने से सात मकान सहित पांच दुकानें जलकर राख हो गई। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। उत्तरकाशी बडकोट के नगरपालिका क्षेत्र के लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास देर रात भीषण आग लग गई, जिससे यहां सात आवासीय मकानों सहित पांच दुकानें जलकर स्वाहा हो गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग करीब दो बजे के अचानक भड़की। देखते ही देखते मकान और दुकान जल कर स्वाहा हो गए। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घर में रह रहे लोगों ने आग की लपटों में भाग कर जान बचाई। आग किस वजह से लगी इसका पता अभी नहीं लग पाया है।

# सिविल सेवा परीक्षा की मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग को सीएम की मंजूरी

देहरादून
हमारे संवाददाता



दिव्यांग छात्रों के लिए अच्छी खबर है। सिविल सेवा परीक्षा की मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग को सीएम की मंजूरी मिल गई है।

प्रदेश के दिव्यांग छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा की मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग मिलेगी। वहीं, जिलों में विशेष कैंप लगाकर दिव्यांगजनों को मुफ्त उपकरण दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर इसकी घोषणा के बाद इसके प्रस्ताव को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर के ग्रामीण क्षेत्र हरिचांद गुरुचांद बंग विशाल सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 69.19 लाख, देहरादून में बलभद्र खलंगा मेले के आयोजन के लिए पांच लाख की वित्तीय स्वीकृति दी। इसके अलावा बेस चिकित्सालय पिथौरागढ़ के लिए चण्डाक मोटर मार्ग में उचित स्थान से एप्रोच रोड का निर्माण किए जाने, जिला अस्पताल पिथौरागढ़ से सटे हुए अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग के सरकारी आवास को अन्यत्र शिफ्ट करते हुए जिला अस्पताल का विस्तार किए जाने, ध्वज जयंती माता मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विकास कार्य किए जाने, तहसील मुख्यालय देवलस्थल में आयोजित होने वाले बाराबीसी महोत्सव के आयोजन के लिए पांच लाख का अनुदान दिए जाने को मंजूरी दी।

सीएम ने सीपू (गलाती नाला) एवं कालिका नाले (पुल तक) धारचूला में सुरक्षात्मक कार्य किए जाने, पिथौरागढ़ में निवासरत राजी जनजाति को प्रशिक्षण दिए जाने, मुख्य राजमार्ग धारचूला-टनकपुर से संपर्क मार्ग ओगला मिलान का कार्य, मूलघाट से जौलजीवी सड़क मार्ग में तालेश्वर मंदिर के पास दोनों और स्वागत द्वार का निर्माण किए के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। तहसील गैरसैंण के ग्राम सारकोट को आदर्श ग्राम सभा बनाए जाने, सारकोट से भराड़ीसैंण मोटर मार्ग का डामरीकरण कर उसका नाम शहीद स्व. श्री वासुदेव के नाम पर किए जाने, विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग स्थित उत्तराखंड के एकमात्र दानवीर कर्ण के मंदिर का सौंदर्यीकरण किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

वहीं, गैरसैंण को गढ़वाल एवं कुमाऊं जिलों से जोड़ने, गैरसैंण में उत्तराखंड परिवहन निगम का डिपो बनाए जाने के लिए विभागीय रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

संगम पर पूजा के बाद बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे मोदी

# मोदी प्रयागराज में, 55 सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

प्रयागराज
एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज पहुंच चुके हैं। प्रयागराज पहुंचकर पीएम मोदी ने महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की।

पीएम मोदी अपने एक दिवसीय दौरे करीब 7000 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। यही नहीं प्रधानमंत्री संगम नोज पर पूजा अर्चना भी करेंगे, जबकि अक्षय वट और लेटे हनुमान मंदिर के दर्शन भी करेंगे। इसके साथ ही पीएम मोदी कुम्भ 'सहायक' चैटबॉट का भी शुभारंभ करेंगे। इन परियोजनाओं से न केवल महाकुम्भ 2025 का आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि प्रयागराज को भी एक नई पहचान मिलेगी।साधु संतों से मिलने के बाद उन्होंने गंगा पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद हैं। पीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बजरंग बली का पूजन किया।



### सीएम योगी ने पीएम के कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

*प्रयागराज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी के सभा स्थल और उनके जाने वाले स्थानों संगम, जेटी, हनुमान मंदिर, अक्षय वट, सरस्वती कूप, किला घाट का निरीक्षण किया। सीएम की गाड़ी में ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नंद गोपाल गुप्ता नंदी मौजूद रहे।*



# निकाय चुनाव को तैयार भाजपा संगठनः पाल

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सरकार द्वारा नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। आज भाजपा संभाग कार्यालय में पार्टी के नगर निगम चुनाव प्रभारी मनोज पाल ने महानगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओ से स्वागत किया गया। इस मौके पर पाल ने कहा कि चुनाव की अधिसूचना सरकार द्वारा जल्द जारी होंगी और सभी को अपने वार्ड और नगर निगम क्षेत्र में चुनाव की तैयारी अभी से शुरू करनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सगठनात्मक रूप से निकाय चुनाव को लेकर तैयार है और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र की जनता भाजपा की विकास की नीतियों के साथ है। उ न्होंने प्रमुख लोगों की राय ली और कहाँ की भाजपा कार्यकर्ता चुनाव को लेकर आम जनता से निरंतर संपर्क बनाये। इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री अनिल डब्बू, दिनेश आर्य,भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रदेश कार्यालय मंत्री कोस्तुभ जोशी, दिनेश खुलबे आदि मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती अधेड़ संदिग्ध परिस्थितियों में कुंडे में लटका मिला

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



**हड़कंप**

- सूचना पर पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेजा

किच्छा कोतवाली क्षेत्र में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुंडे में लटका मिलने पर हड़कंप मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक किच्छा के पंजाबी मोहल्ला वार्ड 16 निवासी 50 वर्षीय नरेश पाल सिंह स्व. रोशन सिंह को गुरुवार रात को किच्छा के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया।

शुक्रवार को सुबह नरेश नशा मुक्ति केंद्र में ही गले पकड़ा बांध कुंडे में लटका मिला। बताया जा रहा है कि वहां मौजूद गार्ड ने उसे लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद गार्ड से जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना परिजन को दी। परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भारतीय रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी, रूसी भाषा में किया गया ईमेल

नई दिल्ली
एजेंसी




भारतीय रिजर्व बैंक को शुक्रवार को एक धमकी भरा ईमेल मिला। इसमें आरबीआई के मुंबई कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरा मेल आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की आधिकारिक ईमेल आईडी पर आया। धमकी रूसी भाषा में दी गई। धमकी भरे ईमेल के बारे में जानकारी मिलने पर मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत भेजने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

यह धमकी भरा मेल आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद आया है। उन्होंने शक्तिकांत दास की जगह ली है, जिन्होंने छह साल तक इस पद की जिम्मेदारी संभाली थी। राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी मल्होत्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने चुना था। दरअसल, आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ईमेल आया। ईमेल रूसी भाषा में किया गया। इसमें बैंक को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। मुंबई पुलिस जोन 1 डीसीपी के मुताबिक, माता रमाबाई मार्ग (एमआरए मार्ग) पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

इससे पहले दिल्ली के छह स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला। इसके बाद जांच एजेंसियों ने स्कूल परिसर की तलाशी ली। हालांकि, कहीं भी फिलहाल कुछ भी नहीं मिला है। इससे पहले नौ दिसंबर को दिल्ली के कम से कम 44 स्कूलों को धरकी भरे ईमेल मिले थे। पुलिस ने गहन जांच के बाद उन धमकियों को अफवाह बताया था।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि हमें पश्चिम विहार के भटनागर इंटरनेशनल स्कूल से तड़के 4:21 बजे, श्री निवास पुरी के केम्ब्रिज स्कूल से सुबह 6:23 बजे और ईस्ट ऑफ कैलाश के डीपीएस अमर कॉलोनी से सुबह 6:35 बजे फोन आया। अग्निशमन विभाग, पुलिस और बम निरोधक टीम श्वान दस्तों के साथ स्कूलों में पहुंच गई हैं और जांच कर रही हैं। स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों को संदेश भेजकर बच्चों को स्कूल न भेजने की बात कही है।

# पुतला फूंक प्रदर्शन आज, 16 को और 18 को रोकी जाएंगी ट्रेनें

## किसान आंदोलन

**चंडीगढ़/नई दिल्ली**
एजेंसी



पंजाब के किसान संगठन फरवरी में अपनी मांगों को लेकर दिल्ली की ओर बढ़े थे। हरियाणा ने उन्हें अपनी सीमा में नहीं घुसने दिया। जिसके बाद से किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पक्का मोर्चा लगाकर बैठे हैं।

किसान आंदोलन 2.0 के 10 महीने आज पूरे हो गए। आज शंभू और खनौरी बॉर्डरों पर बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में किसानों से पहुंचने की अपील की है। वहीं खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बिगड़ती जा रही है। इससे भड़के किसानों ने वीरवार को संघर्ष तेज करने का एलान कर दिया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को केंद्र, पंजाब व हरियाणा सरकार के पुतले फूंककर प्रदर्शन किए जाएंगे।

16 दिसंबर को पंजाब को छोड़कर देशभर में तहसील व जिला स्तरों पर ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे और 18 दिसंबर को ट्रेनें रोकी जाएंगी। ट्रैक्टर मार्च निकालने के बाद अधिकारियों को डल्लेवाल की ओर से राष्ट्रपति के नाम लिखी चिट्ठी दी जाएगी। डल्लेवाल ने खून से हस्ताक्षर करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। डल्लेवाल ने मोदी से एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत किसानों की बाकी सभी मांगें पूरी करने की अपील की है। लिखा है कि वे 17 दिनों से अनशन पर , ऐसे उनका आपके नाम यह पहला व आखिरी पत्र है। आपको करना है कि एमएसपी की गारंटी देंगे या उनके जैसे किसान की बलि लेंगे। डल्लेवाल की तबीयत की जानकारी लेने शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और पंजाब प्रधान हरिंदर सिंह लक्खोवाल पहुंच रहे हैं। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि डेडलॉक खत्म करके किसानों के साथ बातचीत शुरू की जानी चाहिए। जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए।



# खुले में गंदगी फैलाने वाले लोगों पर सीसीटीवी से निगरानी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में खुले में गंदगी फैलाने वाले लोगों पर नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे के जरिए मॉनिटरिंग करने के बाद कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि गुरुवार को लॉन्ग व्यू स्कूल के निकट खुले में कूड़ा फेंकने वाले दो व्यक्तियों पर करवाई गई। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी ने बताया कि नगर पालिका की ओर से चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के बावजूद लोगों खुले में कूड़ा फेंक रहे हैं। ऐसे लोगों की सीसीटीवी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। गुरवार को लॉन्ग व्यू स्कूल के निकट खुले में कूड़ा फेंकने वाले दो व्यक्तियों पर करवाई गई। एंटी लिटरिंग और स्पिटिंग एक्ट 2016 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। बताया कि संबंधित क्षेत्र में नगर पालिका की डोर टू डोर गाड़ी नियमित रूप से जाती है इसके बावजूद कुछ लोग खुले में कूड़ा फेंकते हैं। पालिका की ओर से ऐसे लोगों की मॉनीटरिंग कर कार्यवाही की जा रही है।

# प्रत्येक माह अंशदान तो कट रहा पर एसजीएचएस की साईट खुली नहीं, मरीज दर-दर भटक रहे

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारियों के लिए सरकार द्वारा सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपचार की सुविधा हेतु प्रत्येक माह वेतन से नियत अंशदान लेकर गोल्डन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी और कर्मचारी के वेतन से प्रत्येक माह लगातार कटौती तो की जा रही है।

परन्तु जब कर्मचारी अस्पतालों में उक्त सुविधा के लिए आवेदन कर रहे हैं तो अपने को ठगा सा महसूस पा रहे हैं। पूरे प्रकरण को देखते हुए इसमें शाशन एवं पूरे तंत्रकी घोर लापरवाही सामने आ रही है क्योंकि जब अस्पतालों में मरीज उक्त सुविधा हेतु आवेदन कर रहे हैं तो पता चला कि शासन स्तर से एसजीएचएस की साईट को खोला ही नहीं गया है। तंत्र की इस घोर लापरवाही की वजह से मरीज दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ओखलकांडा के ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट ने कहा है कि गोल्डन कार्ड से सम्बंधित मामले के लिए जल्द ही आन्दोलन की रणनीति बनाई जायेगी और जरुरत पड़ने पर न्यायालय में भी जनहित याचिका दायर की जायेगी।

दूसरी ओर मनोज तिवारी प्रांतीय तदर्थ समिति राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा है कि निश्चित रूप से गोल्डन कार्ड कर्मचारी एवं शिक्षकों के लिए महज एक छलावे से अधिक कुछ साबित नहीं हो रहा है दुर्घटना आदि आकस्मिक स्थितियों में जहां मरीज के परिजन पहले ही मानसिक रूप से तनावग्रस्त होते हैं ऐसे में संबंधित अस्पताल प्रबंधन द्वारा गोल्डन कार्ड को निकाल दिए जाने से परिजनों की मानसिक स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, शीघ्र ही मुख्यमंत्री एवं सक्षम स्तर पर इसे दुरुस्त करने की पहल की जाएगी आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण भी ली जाएगी।

## NEWS / फटाफट

### 18 को देहरादून में गुरिल्लाओं का आंदोलन

**नैनीताल।** एसएसबी गुरिल्ला जिला नैनीताल की जिलाध्यक्ष पुष्पा जलाल की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्राम स्यात (कोटाबाग) में आपातकालीन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कहा गया कि सरकार द्वारा गुरिल्लाओं कि माँगों को अनदेखा किया जा रहा है। सभी ने एक स्वर में कहा कि अब मांगों को लेकर आर-पार कि लड़ाई लड़ी जाएगी। बैठक में नैनीताल जिले के सभी गुरिल्लाओं से अपील की गई कि वह 18 दिसम्बर (बुधवार) को अधिक से अधिक संख्या में देहरादून पहुंच कर अपना परिचय पत्र प्राप्त कर इस आंदोलन में भागीदारी सुनिचित करें। कहा कि जो गुरिल्ला परिचय पत्र धारक होगें वही भविष्य में सरकार के समक्ष सक्रिय माने जायेगें, इसलिए सभी लोग से गुजारिश की गयी कि वह एकजुट होकर आदोलन को सफल बनाये। बैठक मे नन्दन सिंह भंडारी, पान देव सनवाल, लीला बिष्ट, पुष्पा देवी, चन्दन सिंह, चन्द्र मोहन, चन्द्र लाल तथा नन्द लाल व राजेन्द्र सिंह आदि गुरिल्ला मौजूद थे।

### अंकिता ने अपनी पीएचडी की मौखिकी परीक्षा दी

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में स्थित वाणिज्य विभाग में गुरुवार को अंकिता आर्या ने अपनी पीएचडी की मौखिकी परीक्षा सफलतापूर्वक दी। बता दें कि अंकिता आर्या ने विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार के मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य पूरा किया था। उनके शोध का विषय प्रमोशनल मिक्स स्ट्रेटेजिक- ए कॉम्पिटेटिव केस स्टडी बिटवीन एलआईसी आफ इंडिया एंड मैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड था। पीएचडी परीक्षा में बाहरी परीक्षक प्रो. धर्मेंद्र तिवारी (श्री देव सुमन विश्वविद्यालय, ऋषिकेश उत्तराखंड) ने उनकी परीक्षा ली। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी समेत डा. आरती पंत, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. पूजा जोशी, डॉ. तेज प्रकाश तथा डॉ. गौतम रावत तथा शोध छात्र पंकज भट्ट, सुबिया नाज, चंदन सिंह जलाल, हिमांशु बिष्ट,घनश्याम पालीवाल, रितिशा शर्मा तथा विशन चन्द्रा तथा राधा देवी ने अंकिता आर्या को बधाई एवम शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा)के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा उपाध्यक्ष प्रो.नीलू लोधियाल तथा महासचिव डा.विजय कुमार ने भी अंकिता आर्या को बधाई देते हुए उसके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### वनाग्नि रोकथाम व मानव वन्य जीव संघर्ष को लेकर बैठक

**नैनीताल।** ग्रीष्मकाल में वनाग्नि की रोकथाम व मानव वन्य जीव संघर्ष को कम करने के विशेष उद्देश्य से वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों के सुझाव लेने के साथ ही उनसे वनाग्नि रोकथाम में भागीदारी निभाने की अपील की गई। गुरूवार को नैनीताल वन प्रभाग के तहत नगर पालिका वन रेंज की ओर से रेंज के वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा व अन्य विभाग कर्मियों ने सरिताताल में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ते गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की साथ ही कहा कि गर्मियों में क्षेत्र के चीड़ के जंगल सुलगने के बाद आग आबादी क्षेत्र तक पहुंच जाती है। जिसकी रोकथाम को विभाग को अभी से कार्य करना शुरू कर देना चाहिए। इस बीच वन कर्मियों ने ग्रामीणों से वनाग्नि रोकथाम में भागीदारी निभाने की अपील की। इस मौके पर नारायण चंद्र, रणजीत सिंह थापा,अभय कुमार,संतोष जोशी,रजत कुमार, मनोज साही, विक्रम कनवाल, दीवान सिंह कनवाल, पुष्पा कनवाल, चंदन सिंह, करन, चंदन कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### पेट्रोल पंप के समीप सिगरेट जलाने को लेकर विवाद

**नैनीताल ।** तल्लीताल क्षेत्र में पेट्रोल पंप के समीप एक रेस्टोरेंट में युवक व दुकान संचालक के बीच सिगरेट जलाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो मामला थाने पहुंच गया जहां पुलिस की फ टकार के बाद दोनों पक्ष शांत हुए। जानकारी के अनुसार तल्लीताल पेट्रोल पंप के समीप एक रेस्टोरेंट में एक व्यक्ति सिगरेट जलाने लगा, जब रेस्टोरेंट संचालक ने रेस्टोरेंट के अंदर सिगरेट जलाने पर आपत्ति जताई तो दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो व्यक्ति गाली गलौच पर उतर आया। जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसके बाद मामला तल्लीताल थाना पुलिस के पास जा पहुंचा। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने बुलाया, बताया कि युवक की ओर से माफी मांगने पर दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते के बाद मामला शांत हो गया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नियमितीकरण की मांग को लेकर 160वें दिन भी पौधरोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत अनूठा पौधारोपण आंदोलन गुरुवार को 160वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि गुरुवार को आंदोलन के 160 वें दिन उनके नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ स्थित शहीद स्मारक स्थल व मानसरोवर यात्री वाटिका में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी सीईओ राज भट्ट द्वारा भी पौधों का रोपण किया गया। राज भट्ट ने कहा कि यह पर्यावरण को संरक्षित करने की बहुत ही सुंदर मुहिम है।

सरकार को चाहिए कि वह शीघ्र ही महासंघ के पदाधिकारीयों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान करे। कार्यक्रम में साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में कार्य करने वाले राकेश जोशी ने भी अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने परिवार के साथ पौधारोपण किया। कार्यक्रम में संजय अग्रवाल, राकेश जोशी, दीपक पोखरिया, अर्जुन कन्याल, पैरी थापा, नरेंद्र थापा, शेर सिंह, हर सिंह तथा शोभा राम, वेद प्रकाश, पदम सिंह, सौरव खोलिया, गोपाल, दीपक, राजेंद्र तथा महेश कुमार सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

# मानसिक दिव्यांग आदित्य ने रचा इतिहास

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

**स्वागत**
- रोशनी सोसायटी ने किया स्वागत, एशियन पावरलिफ्टिंग में जीते मेडल



मानसिक दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की संस्था रोशनी सोसायटी के पुनर्वास केंद्र के एक डाउन सिंड्रोम युवक आदित्य गुरूरानी ने भारत के लिए एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप ताशकंद उज्बेकिस्तान में रचा इतिहास जीते तीन गोल्ड और एक सिल्वर मेडल।

मानसिक दिव्यांग ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर मेडल जीतकर रोशनी सोसायटी हल्द्वानी, उत्तराखंड और भारत का नाम रोशन किया। रोशनी सोसायटी ने अपने सेंटर पर आदित्य के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमें ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं से आदित्य का भव्य स्वागत हुआ और मिठाइयां बांटी गईं। इस अवसर पर आदित्य गुरूरानी के परिजन, रोशनी सोसायटी के सभी पदाधिकारी, विशेष बच्चों के अभिभावक, रोशनी सेंटर के स्पेशल एजुकेटर, थैरेपिस्ट, टीचर्स और रोशनी सोसायटी के बच्चों ने आदित्य गुरूरानी का स्वागत किया। रोशनी सोसायटी की अध्यक्ष शिवानी पाल ने बेहद खुश होते हुए कहा कि आदित्य के साथ अन्य बच्चों के लिए भविष्य में और तैयारियां की जाएंगी जिससे अन्य बच्चों को भी अपने अंदर के टैलेंट को दिखाने का मौका मिलेगा।

उपाध्यक्ष हेमा परगांई ने कहा कि आदित्य का मेडल लाना अन्य बच्चों के लिऐं जीत और स्पेशल पेरेंट्स के लिए प्रेरणादायक है। रोशनी सोसायटी के सचिव गोविन्द मेहरा द्वारा आदित्य गुरूरानी के इस प्रतियोगिता में भाग लेने में लगे खर्च को वहन करने और उसमें सहयोग करने के लिए नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह, देश के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. संजीव जोशी , वरिष्ठ इं. महेश जोशी, रोशनी सोसायटी के हर समय साथ खड़े रहने वाले अनिल पाठक, डा. रुचि तिवारी, कर्नल अवधेश, रजनीश एवं उनके साथियों के साथ रोशनी सोसायटी के अभिवावकों एवं अन्य सभी शुभचिंतकों, सहयोगकर्ताओं का तहेदिल से आभार जताया, जिनकी मदद से आदित्य इस मुकाम पर पहुंचे। आदित्य को स्पेशल ओलंपिक के लिए तैयारी और रिसोर्स तैयार करने के लिए प्रयास करने की बात कही।

# अभिमत

## इंसानों के बारे में सोचें

*सर्वोच्च न्यायालय ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि केवल जानवरों के बारे में नहीं, इंसानों के बारे में भी थोड़ा सोचना होगा। दरअसल केन्द्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने अपनी रिपोर्ट में पाखरो-मोरघट्टी-कालागढ़-रामनगर वन मार्ग पर निजी बसों के परिचालन के विरुद्ध सिफारिश की है, फिर भी कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक ने एक निजी कंपनी की बसों को कार्बेट टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र में परिचालन की अनुमति दी थी। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रावधान है कि बाघ अभयारण्यों को पारिस्थितिकी दृष्टि से असंवहनीय उपयोगों के लिए नहीं बदला जाएगा।*

उत्तराखंड में मानव और वन्यजीव संघर्ष गंभीर समस्या बनती जा रही है। वन्यजीवों को संरक्षण के लिए कानून के साथ अभयारण्य क्षेत्र निर्धारित किये गये हैं। जिम कार्बेट पार्क को टाइगर तथा अन्य वन्यजीवों के लिए रिजर्व किया गया है। जंगल वन्यजीवों का आवास होते हैं और वहां मानव की गतिविधियों की अनुमति नहीं होती है। जंगल के कुछ क्षेत्र में सुरक्षा के प्रबंध करके पर्यटकों को जाने की अनुमति होती है। उत्तराखंड में वन अधिनियम का उल्लंघन करके जंगल के क्षेत्र में होटल, रिसॉर्ट, व्यावसायिक और आवासीय परिसर का निर्माण कर दिया गया है। जंगल में अतिक्रमण और मानव गतिविधियों से स्वच्छंद विचरण में बाधा पड़ने पर वन्यजीव हिंसक हो जाते हैं। मानव अपने दोष को छिपाने का प्रयास करता है और वन्यजीवों को नरभक्षी घोषित कर मारने की मांग करता है। जिम कार्बेट पार्क में पर्यटकों के लिए नये सफारी जोन बनाने का मामला विवादों से घिरा है और न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच जिम कार्बेट पार्क में निजी कंपनी की बसों के परिचालन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई तो शीर्ष अदालत ने बहुत गंभीर सवाल सरकार से किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि केवल जानवरों के बारे में नहीं, इंसानों के बारे में भी थोड़ा सोचना होगा। दरअसल केन्द्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने अपनी रिपोर्ट में पाखरो-मोरघट्टी-कालागढ़-रामनगर वन मार्ग पर निजी बसों के परिचालन के विरुद्ध सिफारिश की है, फिर भी कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक ने एक निजी कंपनी की बसों को कार्बेट टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र में परिचालन की अनुमति दी थी। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रावधान है कि बाघ अभयारण्यों को पारिस्थितिकी दृष्टि से असंवहनीय उपयोगों के लिए नहीं बदला जाएगा। उत्तर प्रदेश से अलग करके उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद पिछड़े पर्वतीय क्षेत्र के विकास में वन अधिनियम को बाधक होने की बात अक्सर कही जाती रही है। उत्तराखंड के कुमाऊं व गढ़वाल क्षेत्र को जोड़ने के लिए हाईवे का निर्माण प्रतिबंधित वन क्षेत्र में करना पड़ेगा। वर्तमान में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून जाने के लिए सुगम और सुरक्षित मार्ग उत्तर प्रदेश से गुजरता है। राज्य के दो मंडलों को जोड़ने का मार्ग नहीं है। जंगल के निकट से गुजर रही सड़कों पर अक्सर वन्यजीव आ जाते हैं और वाहनों पर हमला तक कर देते हैं। जिम कार्बेट पार्क के मुख्य क्षेत्र में यदि निजी कंपनी की बसें चलेंगी तो वन्यजीव के हमले का खतरा हमेशा बना रहेगा, इसलिए शीर्ष अदालत ने इंसानों के बारे में सोचने की बात कही है, सरकार को अमल करना होगा।

# कल होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कल 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

गुरुवार को पत्रकार वार्ता करते हुए जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुबीर कुमार ने बताया कि यह आयोजन जिला नैनीताल मुख्यालय में स्थित जिला न्यायालय एवं बाह्य स्थित न्यायालय हल्द्वानी एवं रामनगर में किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल मामलेए बैंक लोन रिकवरी के मामले तथा बीमा संबंधित, मोटर दुर्घटना संबंधितए पारिवारिक, वैवाहिक विवाद तथा चैक वाउन्स के मामलें,श्रम संबंधित विवाद तथा राजस्व संबंधित विवाद,बिजली व पानी संबंधित विवादएमोटर वाहन एवं शमनीय प्रकृति के रानी अपराधिक मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाता है। कहा कि अब तक प्री.लीटिगेशन एवं लंबित कुल लगभग 1220 मामलो को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नियत किया जा चुका है। कहा कि लोक अदालत के दिन सुलह समझौते के आधार पर वाद निस्तारित होने की स्थिति में सिविल बादों में अदा की गयी कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है, चूँकि मामले पक्षगण की आपसी सहमति से निस्तारित किये जाते है,अत- इससे अग्रेत्तर लिटिगेशनध्अपील आदि में व्यतीत होने वाले समय एवं खर्च से बचा जा सकता है।राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए नैनीताल, हल्द्वानी, रामनगर सभी न्यायालयों में लगातार जिला प्रशासनए बैंक बीमाए कम्पनीयोंएपुलिस एवं त्व्व् के साथ बैठकें की ज रही है।जो मामले अभी माननीय न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैए जैसे कि बैंक लोन रिकवरी मामलों जैस प्री.लीटिगेशन मामलेए ऐसे मामलों में भी नियम व पॉलिसी अनुसार पूर्व निर्धारित व्याज दर से कम की दर पर मामलें समझौते के आधार पर निस्तारित कर आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्रदान किये जाने का प्रयास निरन्तर बैठकों में किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए नैनीताल के पैरा लीगल वालियन्टीयर द्वार भी घर.घर जा कर राष्ट्रीय लोक अदालत के पैम्पलेट वितरित कर प्रचार.प्रसार किया जा रहा है। अतः सभी आमजनमानस व स्टेक होल्डर से अपील है कि बढ़.चढक़र राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रतिभाग कर इसका लाभ ग्रहण करें। पत्रकार वार्ता में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी भी मौजूद थी।

## गैस सिलेंडर की अवैध रिफिलिंग का भंडाफोड़

**हल्द्वानी।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग के संबंध में मिली शिकायत पर जिला पूर्ति अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी ने छापामारकर डहरिया क्षेत्र में 27 कामर्शियल व घरेलू सिलेंडर बरामद कर रिफिलिंग के धंधे का भंडाफोड़ किया। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को घरेलू और कामर्शियल और एलपीजी सिलेंडरों में घटतोली और अवैध रिफिलिंग की शिकायत मिली थी। आयुक्त ने इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोहन चन्द्र के गलत संगत व धन की बर्बादी व मनमाने कार्यों को करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल व संबंध विच्छेद कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्यों व लेनदेन की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।
**-नारायण दत्त जोशी, निवासी डी-22, जेके पुरम, छोटी मुखानी, हल्द्वानी , जिला नैनीताल ( उत्तराखंड )**

## लव जिहादः समुदाय विशेष के युवक ने पहचान छुपा हिंदू युवती से की शादी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**मुकदमा**

- **मामला पहुंचा कोतवाली, मुकदमा दर्ज,युवक समेत बिचौलिए भी नामजद**

धर्म छुपा कर हिंदू युवती से शादी करने वाले समुदाय विशेष के युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। युवक पुलिस हिरासत में बैठा है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि उनसे अपनी बहन की शादी कैंट दक्षिण दिल्ली निवासी अमन चौधरी के साथ 13 अक्टूबर 24 को दोनों परिवारों के बीच संतोष कुमार निवासी कुमौड, पिथौरागढ़ बिचौलिया ने रिश्ता कराया। बताया कि लड़का पहाडी मूल का कुमाऊनी परिवार से है। दिल्ली में रहकर परिवार सेटल है। लड़का दिल्ली में ही कारोबार करता है। 10 दिसंबर 24 को अमन चौधरी के परिवार के लोग विवाह की निश्चित तिथि पर बारात लेकर हमारे घर पर आये, सभी कार्यक्रम हिन्दू रीति रिवाज से हुए। विवाह में करीब 18 से 20 लाख का खर्चा हुआ।बारात विदाई के बाद लड़की का भाई यानि में दो बहनोई व उसके दो चचेरे भाई लड़के के घर दिल्ली गये। वहां पर माहौल बदला हुआ था। वहां पर अधिकतर लोग समुदाय विशेष की भेषभूषा में थे। बताया कि परिवार के लोगो को कुछ संदेह हुआ जानकारी लेने में पता चला की अमन चौधरी वास्तव में अमन कुरैशी है। युवक उसके पिता का नाम मुराजुद्दीन है। जानकारी अमन के परिवार से लेनी चाही तो, उन्होंने कबूल किया की ये लोग समुदाय विशेष के हं । अब लड़की को समुदाय विशेष धर्म के अनुसार ही रहना पड़ेगा। धर्म नष्ट करते हुए बहन का धर्मान्तरण कराने का प्रयास किया गया है। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच की जा रही है। युवक को हिरासत में बैठा रखा है। युवक युवती को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही।


## सिंचाई विभाग के नए अधिशासी अभियंता विजेंद्र ने कार्यभार संभाला



**नैनीताल।** सिंचाई विभाग के नए अधिशासी अभियंता विजेंद्र कुमार ने गुरुवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। बता दें कि विजेंद्र कुमार इससे पूर्व पीएमजीएसवाई के तहत बागेश्वर में अधिशासी अभियंता के पद पर कार्यरत थे। कार्यभार ग्रहण के बाद विजेंद्र कुमार ने विभागीय कार्यों के संचालन को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि वर्तमान में चल रही सभी विभागीय योजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए और विभाग के कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाया जाए साथ ही उन्होंने कहा कि हर योजना को समय पर और गुणवत्तापूर्वक पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

# फिल्मी दुनिया

## मुकेश खन्ना ने किया 'पुष्पा 2' का रिव्यू सीन से प्रभावित हुए



*अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' पर अभिनेता मुकेश खन्ना ने अपने विचार साझा किए। अभिनेता ने अर्जुन को शक्तिमान की भूमिका निभाने के योग्य बताया। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रखा है। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों दोनों की ही सराहना मिल रही है। इस बीच 'महाभारत' में भीष्म और 'शक्तिमान' में अपनी भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता मुकेश खन्ना ने 'पुष्पा 2' पर अपने विचार साझा किए हैं। सुकुमार की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी रिलीज के सात दिनों में ही 1000 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुकेश खन्ना ने 'पुष्पा 2 मेरा रिव्यू' नामक एक वीडियो में फिल्म के बारे में अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने फिल्म को बनाने की प्रक्रिया की सराहना की है। उन्होंने कहा, एक फिल्म सिर्फ पैसे से नहीं बनती। आपको योजना बनाने की जरूरत है और 'पुष्पा' में निवेश किया गया हर एक रुपया स्क्रीन पर दिखाई देता है। मुकेश फिल्म के ओपनिंग सीन से प्रभावित हैं, जिस सीन में पुष्पा हवा में लटककर फाइट करता है। उन्होंने इस सीन की तुलना मनमोहन देसाई के 'अमर अकबर एंथनी' से की। हालांकि, बड़े पर्दे पर उन्होंने अल्लू अर्जुन के काम से यह उनका पहला सामना था। उन्होंने अभिनेता के प्रदर्शन को 10 में से 8-9 अंक दिए।*

### अर्जुन को बताया शक्तिमान के लिए फिट

*इस दौरान मुकेश खन्ना ने शक्तिमान के लिए अल्लू अर्जुन को फिट बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि अर्जुन शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं, उन्होंने कहा, उनके पास इसे निभाने के लिए व्यक्तित्व है। हालांकि, उन्होंने फिल्म में नकारात्मक चीजों जैसे नायक की तस्करी गतिविधियों और कानून प्रवर्तन की अवहेलना पर प्रकाश डालते हुए सवाल उठाए। उन्होंने कहा, तस्करी का महिमामंडन और पुलिस का विरोध क्यों? क्या यही वह है जो हम जनता को बताना चाहते हैं? इसी के साथ उन्होंने निर्माताओं से नकारात्मकता को ग्लैमराइज करने से बचने और सार्थक सबक के साथ कंटेंट बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।*

## फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर ऑनलाइन किया व्याख्यान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो.ललित तिवारी ने जय मिनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी राणपुर कोटा राजस्थान द्वारा आयोजित फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया ।

इस दौरान प्रो.तिवारी ने कहा कि संसार में ऐसे कोई समस्या नहीं है जिससे अपने मस्तिष्क के शक्ति से निराकरण नहीं कर सकते । कहा कि मस्तिष्क मर 10 बिलियन न्यूरॉन्स तथा 2.5 गीगाबाइट डाटा स्टोर होता है तथा प्रतिदिन 70 हजार विचार आते है। हमारा भविष्य हमारी रचनात्मकता पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार हमारा संवैधानिक अधिकार है जो विधिक के साथ समयावधि,क्षेत्रीय सीमाओं में होता है। कॉपी राइट ,ट्रेडमार्क ,पेटेंट,इंडस्ट्रियल डिजाइन ,ज्योग्राफिकल इंडिकेशन , लेआउट डिजाइन ,ट्रेड सीक्रेट ,प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वैरायटी इसमें आते है । सरकार ने इन्हें सुरक्षित करने के लिए कई अधिनियम बनाए है जो व्यक्ति की रचनात्मकता को इकोनॉमिक्स से जोड़ता है तथा सभी नियम अंतराष्ट्रीय ट्रिप्स के आधार पर बनाए गए है। प्रो.तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड को दिसंबर 23 में एक साथ 18 जीआई टैग मिले है जो बहुत महत्पूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज मिल कर काम करे तथा आर्थिक उन्नति का लाभ सभी को मिल सके ।

## News कॉर्नर

### दो वाहन आमने-सामने भिड़े, हादसा टला

**नैनीताल ।** नगर में नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में देर रात दो वाहन आमने सामने भिड़ गए। गनीमत रही कि वाहनों में सवार लोग बाल बाल बच गए। बता दें कि तल्लीताल नेशनल होटल से कूड़ा खड सक तक रोजाना 100 से ज्यादा वाहन सडक् के किनारे खड़े रहते हैं। ऐसे में यातायात बढने में वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें होती हैं साथ ही तेज रफ्तार में कई बार हादसे होने का डर बना रहता है। तेज रफ्तार के चलते ही देर रात बड़ा हादसा होने से टल गया। जेल गेट के समीप हल्द्वानी से नैनीताल को आती कार व नैनीताल से हल्द्वानी को जाती कार आपस में टकरा गई। टक्कर में दोनों वाहन चालक साइड से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार में सवार लोग बाल बाल बच गए। वाहनों की टक्कर के बाद हुए विवाद के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे हैं। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामला बुधवार देर रात का है। दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता की जा रही है।

### शशि कला की सहायक नर्सिंग अधीक्षक पर नियुक्ति

**नैनीताल।** राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल की कार्यवाहक मेट्रन शशि कला पांडे की सहायक नर्सिंग अधीक्षक के पद पर नियुक्ति हो गई है। उनके सहायक नर्सिंग अधीक्षक बनने पर जिला अस्पताल के पीएमएस डा.तरुण कुमार टम्टा समेत सभी चिकित्सकों और कार्यालय कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं। बता दें कि शशिकला पांडे वर्ष 2019 से बीडी पांडे जिला अस्पताल में कार्यवाहक मेट्रन के पद पर कार्यरत थी। अब उनकी सहायक नर्सिंग अधीक्षक पद पर नियुक्ति हो गई है। शशिकला पांडे वर्ष 1999 से स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवा दे रही हैं। उनके सहायक नर्सिंग अधीक्षक बनने पर अस्पताल के सभी डाक्टरों व स्टाफ ने उनको बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# विकास लक्ष्य के डाटा इकोसिस्टम,मानिट्रिंग, पीएम गतिशक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सतत विकास लक्ष्य के डाटा इकोसिस्टम एवं मानिट्रिंग तथा पीएम गतिशक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एसडीजी विशेषज्ञ शैलेन्द्र विशेषज्ञ नियोजन ऐश्वर्या अवनीश एवं अक्षय जयसवाल द्वारा सतत विकास लक्ष्य एवं पीएम गतिशक्ति पोर्टल के सम्बन्ध में जनपद के समस्त अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गयी तथा सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति में सुधार लाते हुए जनपद के न्यून प्रगति वाले लक्ष्यों में प्रगति लाने एवं डाटा अपलोड के बारे में अवगत कराते हुए उनमें सुधार हेतु जनपद के अधिकारियों के साथ वर्चा की गयी। एसडीजी विशेषज्ञ शैलेन्द्र ने कहा कि उत्तराखण्ड सतत विकास लक्ष्यों में पूरे भारत में गतवर्ष प्रथम स्थान में रहा इसके लिए उन्होने सभी को बधाई दी। डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य व पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लांन पोर्टल भारत सरकार की प्रथमिकता में है तथा प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा नियमित मानिट्रिंग होती है इसलिए अधिकारी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन करते हुए योजनाओं का लाभार्थियों को लाभ पहुचाए तथा शुद्ध डाटा तैयार करते हुए पोर्टल पर अपलोड करे व अर्थ एवं संख्या कार्यालय को भी उपलब्ध कराये। उन्होने कहा सतत विकास के लक्ष्यों को पूर्ण करने में आ रही चुनौतियों, समस्याओं को चयनित कर समाधान हेतु समन्वय से कार्य योजना तैयार करते हुए सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति में सुधार करना सुनिश्चित करे व एसडीजी रैकिंग में सुधार प्रगति लाना सुनिश्चित करें। डीएम ने सभी विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटरों को मास्टर ट्रेनरो के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाने के भी निर्देश दिये। डीएम ने पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लांन पोर्टल की उपयोगिता अधिकारियों बताते हुए निर्देश दिये गये कि इसमें सभी परियोजनाओं को अपलोड करते हुए समय-समय पर डाटा अपडेट करने के भी निर्देश दिये।

कार्यशाला में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील,महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र विपिन कुमार,ईई लघु सिंचाई सुशील कुमार,जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, डीईओ हरेन्द्र मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी,खंड विकास अधिकारी असित आनन्द, कमल पाण्डेय, चिन्ताराम आर्या आदि शामिल रहे।

# नैनीताल में समस्याओं के निराकरण को शिविर आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता




भाजपा द्वारा मल्लीताल राम सेवक सभा के प्रांगण में नगर की स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला मुख्यालय के कई विभागों के अधिकारी भी समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में शिकायतें व सुझाव नोट करने के लिए उपस्थित थे। इसी क्रम में जनहित संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में शिविर मे उपस्थित प्रभारी अधिकारी नगर पालिका शिवराज सिंह नेगी

के समक्ष स्थानीय स्तर की समस्याओं के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र के आंतरिक जीर्ण क्षीर्ण मार्गो की मरम्मत, डामरीकरण किए जाने के लिए जनहित संस्था द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र की प्रति उपलब्ध कराते हुए अग्रेतर कार्यवाही यथाशिघ्र करवाए जाने का पुनः अनुरोध किया गया। वही चीना बाबा मंदिर से सरस्वती शिशु मंदिर तक मार्ग की स्थिति लम्बे समय से अत्यंत खराब व गड्ढा युक्त होने के कारण दुर्घटनाओं की सम्भावना निरन्तर बनी हुई है। जिसका समाधान गड्ढों की मरम्मत,डामरीकरण से ही सम्भव होगा। इसके अलावा जनहित संस्था द्वारा विगत लम्बे समय से नगरपालिका परिषद से मल्लीताल वीएम साह ओपन थियेटर के सामने एक शौचालय का निर्माण करवाए जाने के लिए पत्राचार के साथ व्यक्तिगत अनुरोध भी किया जाता रहा परन्तु जन सामान्य विशेषकर वृद्ध पुरुष,महिलाओं की सुविधा के लिए एक शौचालय का निर्माण आम मार्ग के समिप करवाए जाने के सम्बन्ध में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी है। इस प्रकरण पर नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के निर्देशानुसार गत वर्ष संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी के साथ परिषद के विभागीय अभियंता को स्थल का भौतिक निरीक्षण भी किया गया था परन्तु इस लम्बित प्रकरण पर नारपालिका द्वारा कोई कार्यवाही न किया अत्यंत आश्चर्य का विषय है । इस सम्बंध में संस्था को भी लिखित रूप से अभी तक अवगत भी नहीं कराया गया। उक्त प्रकरण में नगरपालिका को पूर्व प्रेषित पत्र की प्रति शिवराज सिंह नेगी को उपलब्ध कराते हुए नगरपालिका स्तर से कार्यवाही यथाशीघ्र प्रारम्भ करावाए जाने का अनुरोध किया गया ।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

युवक की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने उनके पुत्र की हत्या का आरोप लगाया है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र निवासी मृतक अलबशर के पिता अब्दुल माजिद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 8 फरवरी की शाम करीब 7:30 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनका बेटा अलबशर लाल मस्जिद के पास रोड किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जब वे मौके पर पहुंचे, तो उनका बेटा अचेत अवस्था में खून से सना हुआ था। तत्पश्चात, वे अपने बेटे को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी ले गए, जहां इलाज के दौरान 25 फरवरी को अलबशर की मृत्यु हो गई। अब्दुल माजिद ने कहा कि उनका बेटा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा घायल किया गया था और उसकी जानबूझकर हत्या की गई। मृतक के पिता ने मामले की जांच करने की मांग की है।

### 1230 रुपये और सट्टा पर्ची समेत युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** थाना वनभूलपुरा पुलिस ने रेलवे स्टेशन हल्द्वानी के बाहर बने पार्किंग क्षेत्र से एक युवक को सट्टा लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा पर्ची, पैन, गत्ता और 1230 रुपये की नकदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, थाना वनभूलपुरा पुलिस गश्त पर थी। जब पुलिस टीम रेलवे स्टेशन के पास बने पार्किंग क्षेत्र से गुजर रही थी, तो वहां कुछ लोग एक गोल घेरा बनाकर खड़े हुए थे।

पुलिस को देख सभी लोग भागने लगे, लेकिन एक व्यक्ति को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मौ. शारुख निवासी जवाहरनगर, वार्ड नं. 14, थाना वनभूलपुरा के रूप में हुई। पकड़े गए शारुख के पास से सट्टा पर्ची, गत्ता, पैन और मुड़ी तुड़ी हालत में कुल 1230 रुपये नगद बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ गैम्बलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चोरों ने दो घरों से उड़ाया नगदी समेत लाखों का सामान

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**घटना**

● सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले

कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक साथ दो घरों में धावा बोलकर नगदी, जेवर सहित लाखों का माल साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक काशीपुर रोड स्थित पामग्रीन कॉलोनी में नाजिया और उसकी बहन नोरीन का परिवार रहता है। दोनों का घर कुछ ही दूरी पर है। बृहस्पतिवार शाम दोनों बहनें रुद्रपुर के आदर्श कॉलोनी में रहने वाली अपनी मां के घर गई थी। बताया जा रहा है कि करीब तीन घंटे के बाद नाजिया को छोड़ने बहन नोरीन आई तो घर पर सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर से सोने चांदी के जेवर, इंनवर्टर और हजारों की नगदी सहित काफी सामान चोरी हो गया था। थोड़ी देर बाद नोरीन का पति सुजाहत अपने घर गया तो वहां भी सारा सामान चोरी हो गया था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। इसी बीच वहां मौजूद लोगों ने झाड़ियों में छिपे दो संदिग्धों को अलग-अलग दिशा में भागते हुए देखा था। स्थानीय लोगों ने उनका पीछा किया, लेकिन वे अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। चोरी की सूचना पुलिस को दी। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि पुलिस को मौके पर भेजा गया है। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

### घर के बाहर खड़ी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**हल्द्वानी।** शहर के चौधरी कालोनी निवासी संजय साह ने थाना वनभूलपुरा में अपनी बाईक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि 17 नवम्बर को वह अपने परिवार के साथ हल्द्वानी के चौधरी कालोनी स्थित देव भूमि मंदिर के पास रिश्तेदारों से मिलने गए थे। संजय साह के अनुसार, वह शाम करीब 6:20 बजे बाजार से कुछ जरूरी सामान खरीदने के बाद अपने साले के साथ घर लौटे, तो उन्हें घर के बाहर अपनी बाइक नहीं मिली। उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों को सूचित किया और बाईक की तलाश की, लेकिन उन्हें कहीं भी बाईक नहीं मिली। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

### 19वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेजी से शुरू

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के कुल सचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया कि विवि के 16 दिसंबर (सोमवार) को होने जा रहे 19वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेजी से शुरु कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह के तहत प्रदान की जाने वाली विभिन्न उपाधियों/मेरिट प्रमाणपत्रों/मेडल हेतु डीएसबी परिसर नैनीताल में 13 दिसंबर से लेकर 15 दिसंबर तक सुबह 10.30 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक पंजीकरण की कार्रवाई आयोजित की जाएगी।

# जनसमस्या समाधान के लिए विकास खंडों में लगेंगे शिविर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जनसंवाद/जनसुनवाई शिविरों में अधिकतर लोगों की विद्युत एवं पेयजल बिल संशोधन की समस्यायें आने पर जिलाधिकारी ने विद्युत एवं पेयजल महकमे के अधिकारियों को विकास खंडों में कैम्प लगाने के निर्देश दिये हैं।

जिलाधिकारी वंदना ने विकास खंडों के अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण, पेयजल निगम एवं जलसंस्थान के अधिकारियों को रोस्टर के तहत प्रात:11 बजे से समस्त विकास खंडों में आवश्यक अभिलेखों के साथ अनिवार्य रूप से कैम्प लगाने को कहा।

उन्होंने कहा कि कैम्प का आयोजन करने से पूर्व क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के साथ ही स्थानीय लोगों को सूचना देना सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग विद्युत एवं पेयजल कैम्पों में बिलों के संशोधन की समस्याओं का समाधान कर सकें। विकास खंड हल्द्वानी के पंचायतघर गुजरोडा में 16 दिसम्बर, पंचायतघर बजूनियाहल्दू में 17 दिसम्बर, पंचायतघर बच्चीनगर में 18 दिसम्बर, पंचायतघर मीठा आंवला में 19 दिसम्बर, रामलीला मैदान ऊंचापुल में 20 दिसम्बर, अधिकारी मेडिकल स्टोर के पास 21 दिसम्बर, पंचायतघर हल्दूचौड़ में 23 दिसम्बर, इन्दरपुर चौराहा में 24 दिसम्बर, काण्डपाल की चक्की के पास 26 दिसम्बर, आम का बगीचा में 27 दिसम्बर तथा बाल संसार स्कूल में 28 दिसम्बर को कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

# जिला पुलिस ने सुरक्षित सफर के लिए वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**अभियान**

● कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को पुलिस का शुरु हुआ अभियान



जिला पुलिस ने सुरक्षित सफर के लिए, वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने का अभियान शुरू कर दिया। ताकि धुंध कोहरा व खराब मौसम के दौरान कोई घटना न हो। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सभी थाना और यातायात प्रभारियों को वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए हैं। इसी अभियान के तहत

एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी के पर्यवेक्षण में जनपद पुलिस का विशेष अभियान चलाते हुये स्थानीय ट्रैक्टर,ट्रॉली चालकों, स्वामियों के साथ गोष्ठी कर वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जा रहे हैं। जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाकर मानव जीवन को बचाया जा सके। साथ ही वाहन चालकों को रिफ्लेक्टिव टेप लगाने, वाहन चलाते समय अत्यधिक सावधानी व सतर्कता बरतने एवम धुंध के दौरान यात्रा करते समय लो-बीम हैड लाइट का इस्तेमाल करने, सड़क पर चलते हुए वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाने एवं वाहन को धीमी गति से चलाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। एसपी सिटी ने बताया कि यह अभियान जनपद में हर थाना क्षेत्र में चलाया गया। थानों में गोष्ठी भी आयोजित हुई। उधर थाना पंतनगर क्षेत्र में एसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इधर सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट और टीएसआई धनपाल तनवार आदि ने भी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाए। खास कर ट्रालियों में।